महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

NAAC A++ Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः एम.जे.पो.रू.वि. / नो.अ.यूपी–प्रमाण / 2026 / 2005 दिनांकः 18.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः **NEP के मानकों को लागू किये जाने विषयक UP-PRAMAN पोर्टल पर महाविद्यालयों द्वारा मासिक रूप से 43 मुख्य संकेतक की प्रगति भरे जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्रांक संख्या–337 / सत्तर–3–2026–1959339 दिनांक 01 अप्रैल, 2026 एवं विश्वविद्यालय के पत्रांक एम.जे.पी.रू. वि. / कु.स.का. / 2026 / 044 दिनांक 13.05.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के दृष्टिगत उच्च शैक्षणिक संस्थानों को 100% NAAC आच्छादित किये जाने तथा शीर्ष 100 NIRF Rank में लाने हेतु समस्त महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं NEP के क्रियान्वयन का प्रभावी अनुश्रवण किया जाना आवश्यक है। उक्त के दृष्टिगत क्रिस्प के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा UP-PRAMAN (Performance, Ranking, Evaluation and Monitoring of UP Higher Education Academic Network) पोर्टल विकसित किया गया है।

उक्त पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में NEP के क्रियान्वयन तथा शिक्षा की गुणवत्ता तथा मासिक रूप से नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था बनाई गई है। पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा संलग्नक के अनुसार मासिक रूप से 05 तारीख तक 43 मुख्य संकेतक की प्रगति भरी जानी है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में शासनादेशानुसार प्रत्येक माह की 05 तारीख तक UP-PRAMAN पोर्टल पर अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित डाटा / सूचनाएं अनिवार्य रूप से भरने का कष्ट करें साथ ही कृत कार्यवाही की आख्या प्रत्येक माह की 25 तारीख तक ई–मेल uppraman@mjpru.ac.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे समेकित आख्या शासन को ससमय उपलब्ध करायी जा सकें।

संलग्नकः यथोपरि।

(प्रो. एस.के. पाण्डेय)
नोडल अधिकारी, UP-PRAMAN

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव।
2. सहायक नोडल अधिकारी, UP-PRAMAN ।
3. निजी सचिव–कुलपति।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

(प्रो. एस.के. पाण्डेय)
नोडल अधिकारी, UP-PRAMAN